# कोटा में प्रधानमंत्री दिव्यशा केंद्र (PMDK)

## चर्चा में क्यों?

लोकसभा अध्यक्ष **ओम बिरला ने** दिव्यांग व्यक्तियों को सशक्त बनाने के लिये कोटा, राजस्थान में **प्रधानमंत्री दिव्यांग केंद्र (PMDK)** का उद्घाटन किया और उन्हें सहायक उपकरण वितरित किये।

## मुख्य बिंदु

- **PMDK पहल के बारे में:**
  - PMDK पहल का नेतृत्व **सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय** के तहत सार्वजनिक क्षेत्र की इकाई, **भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (ALIMCO) द्वारा किया जाता है।**
  - इसका प्राथमिक लक्ष्य वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांग व्यक्तियों को उच्च गुणवत्ता वाले, वहनीय सहायक उपकरण उपलब्ध कराना है।
  - वर्तमान में विभिन्न राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में **45 PMDK केंद्र कार्यरत हैं।**
    - सरकार का लक्ष्य **जून 2025 तक इस नेटवर्क को 100 केंद्रों तक विस्तारित करना है।**
- **लक्ष्य:**
  - नवनिर्मित PMDK में दृष्टिबाधित व्यक्तियों पर विशेष ज़ोर दिया गया है।
  - यह सेवाओं की एक विस्तृत शृंखला प्रदान करता है, जिनमें शामिल हैं:
    - प्रोस्थेटिक्स और ऑर्थोटिक्स
    - ब्रेल उपकरण
    - गतिशीलता सहायता
  - उन्नत पुनर्वास प्रौद्योगिकियाँ
- **कौशल विकास और सशक्तीकरण:**
  - इसका उद्देश्य लाभार्थियों में कौशल निर्माण के लिये व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाना है।
  - इन कार्यक्रमों का उद्देश्य रोज़गार और उद्यमिता को बढ़ावा देना तथा दिव्यांग व्यक्तियों की आर्थिक स्वतंत्रता को बढ़ाना है।

## दिव्यांग व्यक्तियों के सशक्तीकरण के लिये पहल

- पीएम-दक्ष (दिव्यांग कौशल विकास एवं पुनर्वास योजना)
- दीनदयाल विकलांग पुनर्वास योजना
- दिव्यांग व्यक्तियों को सहायक उपकरण खरीदने/फिट करने के लिये सहायता
- विकलांग छात्रों के लिये राष्ट्रीय फेलोशिप
- दिव्यांग व्यक्तियों के लिये विशिष्ट पहचान-पत्र (UDID) कार्ड

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/pradhan-mantri-divyaang-kendra-pandh-in-kota